# स्वदेश दर्शन योजना

[स्रोत: द हिंदू](#)

केंद्र सरकार ने राज्यों के सहयोग से **स्वदेश दर्शन 2.0 (SD 2.0), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (Challenge-Based Destination Development- CBDD)** और **पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (Special Assistance to States for Capital Investment- SASCI)** जैसी योजनाओं के तहत विकास के लिये **116 नए पर्यटन स्थलों** को स्वीकृति दी है।

**पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशिष सहायता (SASCI) योजना**

- कोविड-19 महामारी के दौरान **वर्ष 2020-21** में शुरू की गई **SASCI योजना** का उद्देश्य **पूंजी निवेश परियोजनाओं में राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करना, पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देना** और **आर्थिक उत्पादकता** को बढ़ाना है।

## स्वदेश दर्शन योजना (SDS) क्या है?

- **स्वदेश दर्शन योजना:** यह **भारत में सतत् और उत्तरदायित्वपूर्ण पर्यटन** को विकसित करने के उद्देश्य से **वर्ष 2015** में **पर्यटन मंत्रालय** द्वारा शुरू की गई **पूर्ण रूप से केंद्र द्वारा वित्त पोषित (केंद्रीय क्षेत्रक योजना) योजना** है।
    - इसका उद्देश्य संपूर्ण भारत में **बौद्ध, तटीय, मरुस्थलीय, पारिस्थितिकी, विरासत, पूर्वोत्तर आदि थीम आधारित पर्यटन सर्किटों** का **एकीकृत विकास** करना है।
    - इसके अंतर्गत **पर्यटन अवसंरचना विकास** के लिये राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को **वित्तीय सहायता** प्रदान की जाती है।
    - **स्वीकृत परियोजनाओं** का **संचालन एवं अनुरक्षण (O&M) संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों** का उत्तरदायित्व है।
- **स्वदेश दर्शन 2.0 (SD 2.0): SD 2.0 सतत् और उत्तरदायित्वपूर्ण पर्यटन स्थलों** के विकास के **समग्र दृष्टिकोण** पर आधारित है, जो **'वोकल फॉर लोकल'** और **आत्मनिर्भर भारत** विज़न के अनुरूप है।
    - इसका उद्देश्य पर्यटन, आतिथ्य और परिसंपत्ति प्रबंधन में **निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाना** है, जो **दीर्घकालिक विकास के लिये** सर्किट-आधारित पर्यटन से **गंतव्य-केंद्रित मॉडल** की ओर बदलाव को दर्शाता है।
- **चुनौती-आधारित गंतव्य विकास (CBDD):** CBDD **SD 2.0 के तहत एक उप-योजना** है जो **स्थिरता, डिजिटलीकरण,** कौशल विकास, MSME समर्थन और प्रभावी प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए **पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिये एक प्रतिस्पर्द्धी दृष्टिकोण** अपनाती है।

## भारत में पर्यटन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति क्या है?

**और पढ़ें:** भारत में पर्यटन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति

## भारत में पर्यटन विकास के लिये प्रमुख पहल क्या हैं?

- **राष्ट्रीय पर्यटन नीति, 2022**
- देखो अपना देश पहल
- एक भारत श्रेष्ठ भारत
- क्रूज़ पर्यटन
- **प्रसाद योजना:** इसका उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये **तीर्थ स्थलों का विकास और सौंदर्यीकरण** करना है।

- **हृदय (विरासत शहर विकास और संवर्द्धन योजना):** हृदय का उद्देश्य **विरासत शहरों को संरक्षित और पुनर्जीवित करना** तथा सतत् शहरी विकास सुनिश्चित करना है।
- **जनजातीय होमस्टे का विकास:** प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (PM-JUGA) के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटकों के लिये होमस्टे का विकास किया जा रहा है।
- **डिजिटल पहल:**
  - ई-वीज़ा सुविधा
  - **स्वच्छ पर्यटन मोबाइल ऐप:** यह ऐप पर्यटकों को पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता संबंधी मुद्दों की त्वरित कार्यवाही के लिये रिपोर्ट करने में सक्षम बनाता है।

## भारत के लिये पर्यटन क्षेत्र का क्या महत्त्व है?

**और पढ़ें:** भारत के लिये पर्यटन क्षेत्र का महत्त्व

## भारत के पर्यटन क्षेत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दे क्या हैं?

**और पढ़ें:** भारत के पर्यटन क्षेत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दे

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**_??????:_**

**प्रश्न 1. पर्वत पारिस्थितिकी तंत्र को विकास पहलों और पर्यटन के ऋणात्मक प्रभाव से किस प्रकार पुनःस्थापित किया जा सकता है? (2019)**

**प्रश्न 2. पर्यटन की प्रोन्नति के कारण जम्मू और काश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के राज्य अपनी पारिस्थितिकि वाहन क्षमता की सीमाओं तक पहुँच रहे हैं? समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swadesh-darshan-scheme-3